आकाशवाणी शिमला

26.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

भाजपा टिकट

कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए प्रदेश के 6 पूर्व विधायकों को भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीद्वार घोषित किया है। केन्द्रीय चुनाव समिति ने आज छठी सूची जारी करते हुए विभिन्न राज्यों के 14 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए। धर्मशाला से सुधीर शर्मा, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर, सुजानपुर से राजिंदर राणा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, गगरेट से चैतन्य शर्मा और कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो को भाजपा ने पार्टी प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतारा है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या और खरीद फरोख्त की राजनीति करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा कांग्रेस के बागी बर्खास्त विधायकों को उप–चुनाव में टिकट देने से स्पष्ट हो गया है कि राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बागी विधायकों के मामले में प्रदेश की जनता फैसला करेगी और हिमाचल के लोग आयाराम गयाराम की संस्कृति को बर्दाश्त नहीं करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा के कई नेता व विधायक कांग्रेस के संपर्क में है और कांग्रेस पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2032 तक प्रदेश को देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना है।

मारकंडा

लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहे उप–चुनाव के लिए भाजपा द्वारा कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए रवि ठाकुर को टिकट आबंटित किए जाने से खफा पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा ने भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रामलाल मारकंडा ने कहा कि वे आने वाले समय में लाहौल स्पीति के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बतौर निर्दलीय या किसी अन्य राजनैतिक पार्टी से चुनाव लड़ने पर फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके साथ आज जिला भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया है। मारकंडा ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और संगठन को अपने खून पसीने से सींचा लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें नजर अंदाज कर निजहित साधने वाले व्यक्ति को पार्टी का टिकट आबंटित कर दिया। मारकंडा ने कहा कि उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें चुनाव में जाने का आग्रह किया है।

स्वीप कार्यक्रम

निर्वाचन आयोग के सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में सोलन जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडाघाट में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सोलन में शिक्षा विभाग के उप निदेशक जगदीश सिंह नेगी ने कहा कि लोकतंत्र में एक–एक वोट का महत्व होता है और मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी की भागीदारी अहम है। उधर जनजातीय ज़िला लाहौल स्पीति में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने आज केलंग में मतदाता जागरूकता गीत के वीडियो का विमोचन किया। इस गीत में लाहौली बोली में स्थानीय महिला

कलाकारों द्वारा सुंदर, सरल व सहज तरीके से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में इस बार लोकसभा व विधानसभा के उपचुनावों में 75 प्रतिशत से भी अधिक मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नियुक्ति

आखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य व प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला के अनुमोदन पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने राजेंद्र वर्मा को हमीरपुर जिला के सुजानपुर ब्लॉक का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्ति किया है। इसके अलावा प्रवीण कुमार को कुठेड़ा और सुरेश ठाकुर को टौणी देवी जोन का प्रभारी नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तुरन्त प्रभाव से लागू होंगी।

सी–विजिल ऐप

चुनाव आयोग सी–विजिल ऐप के जरिए चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहा है। यह ऐप आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघनों की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए है। इस ऐप के जरिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की फोटो, वीडियो को लेकर ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है।

शतंरज प्रतियोगिता

धर्मशाला में 29 मार्च से 4 अप्रैल तक पुरुष वर्ग की 43वीं और महिला वर्ग की 21वीं राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें देशभर के करीब 25 राज्यों के 2 सौ से अधिक ग्रैंड मास्टर और दूसरे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 9 राउंड में होने वाली शतरंज प्रतियोगिता में पहले दस स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए जाएंगे।